प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

कांग्रेस प्रत्याशी

प्रदेश की चार लोकसभा सीटों और 06 विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज नई दिल्ली में होगी। बैठक में पार्टी द्वारा उम्मीदवारों के नामों पर अतिंम निर्णय लेने की संभावना है। स्क्रीनिंग कमेटी ने पहले ही टिकट की दौड़ में शामिल प्रत्याशियों को लेकर अपनी रिपोर्ट समिति को सौंप दी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बैठक में भाग लेंगे।

कार्यशाला

लोकसभा निर्वाचन के सफल क्रियान्वयन पर कल सोलन में मीडिया की भूमिका व दायित्वों पर मीडिया कर्मियों के एक कार्यशाला आयोजित की गई। नोडल अधिकारी व अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र व पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि लोगों तक निर्वाचन से सम्बन्धित तथ्यपरक व सही जानकारी पहुंचाने में मीडिया कर्मियों की उल्लेखनीय भूमिका है। कार्यशाला में आदर्श आचार संहिता के दौरान पेड न्यूज़, फेक न्यूज़, मीडिया प्रमाणन व निगरानी समिति की कार्यप्रणाली सहित सोशल मीडिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि चुनावी विज्ञापन से सम्बन्धित सामग्री के प्रसारण से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। समाचार पत्रों में केवल मतदान दिवस व इससे एक दिन पूर्व राजनीतिक विज्ञापन जारी करने के लिए पूर्व प्रमाणीकरण आवश्यक है। चुनावों के दौरान कोई भी जानकारी प्रसारित करने से पूर्व उसकी सत्यता अवश्य जांच लें।

चुनाव प्रभारी

प्रदेश भाजपा ने राज्य में विधानसभा उप–चुनावों के लिए चुनाव प्रभारियों व सह प्रभारियों की घोषणा की है। पार्टी ने इन प्रभारियों को लाहौल–स्पीति, धर्मशाला, देहरा, गगरेट, कुटलेहड़, सुजानपुर, बड़सर, हमीरपुर तथा नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रबंधन की जिम्मेवारी सौंपी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि उपचुनावों की जिम्मेदारी पार्टी के वरिष्ठ पूर्व मंत्रियों और विधायकों को दी गई है।

बैसाखी पर्व

बैसाखी का पर्व आज श्रद्धा हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा है। ये पर्व नई खुशी व उमंग का प्रतीक है। किसान अपनी गेहूं की फसल की कटाई इसी दिन शुरू करते हैं। वर्ष 1919 में बैसाखी पर ही अमृतसर के जलियांवाला बाग में अंग्रेज शासकों ने निहत्थे भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों पर गोलियां चलाई थीं। सिक्खों के दसवें गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह जी ने वर्ष 1699 आज ही के दिन आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी।

इस अवसर पर राज्य के विभिन्न भागों में कई स्थानों पर मेलों का आयोजन किया जा रहा है और लोग पवित्र सरोवरों व नदियों में स्नान कर रहे हैं। विभिन्न गुरूद्वारों को शानदार ढंग से सजाया गया है और लोग श्रद्वा से श्री गुरूग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक हो रहे हैं।

नवरात्र

चैत्र नवरात्रे के पांचवें दिन आज माँ स्कंदमाता के स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है और भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। सभी शक्तिपीठों मां श्री नयना देवी, ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, बज्रेश्वरी देवी और चामुंडा देवी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सोलन में स्थित माता शूलिनी देवी के मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं ने लम्बी–लम्बी कतारों में लगकर मां के समक्ष नतमस्तक होकर आर्शीवाद लिया।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि 13 से 15 अप्रैल तक राज्य में अधिकांश स्थानों पर वर्षा और ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।
दिव्य हिमाचल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–पीपीपी मोड पर बनेगा बल्क ड्रग पार्क। हिमाचल सरकार ने दी मंजूरी, अब रणनीतिक साझेदार की तलाश, शेयर नहीं होगी इक्विटी। हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–प्रदेश की जनता ने जो सपने संजो रखे हैं उनको पूरा करूंगा। अमर उजाला के अनुसार– प्यारी बहना योजना की तीन किश्तें जून में एकमुश्त देंगे।

दैनिक जागरण और दैनिक सवेरा टाईम्स ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से खबर को सुर्खी दी है–मोदी सरकार ने हिमाचल को शिक्षा क्षेत्र में बनाया आत्मनिर्भर।

भाई ने दो सगी बहनों, भतीजी पर दागीं गोलियां, हालत गंभीर–किन्नौर के पूर्वणी में पेश आई वारदात, आरोपी और उसकी पत्नी गिरफ्तार–अमर उजाला की एक खबर है।

इसी खबर पर पंजाब केसरी के शब्द है–किन्नौर के पूर्वणी में दो बहनों व भतीजी पर चला दी गोली, तीनों आईजीएमसी रैफर। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–घर में कहासुनी हुई तो 2 बहनों और भतीजी पर चला दी गोली।

कांग्रेस आज लगाएगी चुनावी प्रत्याशियों पर मुहर–शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है–दिल्ली में होगी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक–प्रतिभा सिंह रवाना सीएम आज जाएंगे।

स्कूलों में जांचा जाएगा छात्रों का आईक्यू –शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है–महीने के चार दिन पूछे जाएंगे पिछली कक्षा से संबिंधित सवाल।

नौणी विश्वविद्यालय में भावी भर्तियों पर नहीं मिलेगा सचिवालय वेतन का लाभ–दैनिक सवेरा टाईम्स की एक खबर।

..................................